हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 1 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 आफत की बारिश : खेत में कटे धान की फसल खराब



# तुलसी विवाह हेतु बैण्ड बाजे के साथ आज निकलेगी शाही बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में बड़े धूमधाम व बैंड बाजे-गाजे के साथ आज शालिग राम जी की शाही बारात निकलेगी। रथ पर सवार शालिग राम जी की बारात राम मंदिर से निकलेगी। शहर के आलीशान होटल में शादी फिर भव्य पार्टी का भी आयोजन है।

शहर में यह दूसरी दफा है जब एकादशी के पावन मौके पर सामुहिक तुलसी विवाह का आयोजन होने जा रहा है। यह विवाह मात्र एक पूजन औपचारिकता जैसा नहीं बल्कि बड़े विवाह समारोह के माफिक होगा इस समारोह के पहले चरण में लक्ष्मी नारायण जी की बारात निकलेगी। बैंड बाजे-गाजे के साथ यह शाही बारात राम मंदिर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए शहर के एक बड़े होटल मयुरा डोम पहुंचेगी। यहां बकायदा मंत्रोच्चार के साथ उनका द्वारचार -पूजा होगा।सनातन संस्कृति समिति की श्रीमती रंजू अग्रवाल, ममता अग्रवाल ने बताया कि बारात निकलने से पहले देव पूजन, उत्तर पूजा, एकादशी पूजा और गौर पूजा संपन्न किया जाएगा। इसके बाद बड़े ही धूमधाम से प्रभु की शाही बारात रथ में सवार होकर निकलेगी। सामूहिक एकादशी पूजन के लिए 41 बेदी बनकर तैयार है जहां तुलसी विवाह संपन्न होगा। इसके लिए बाहर से व्यास जी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मयुरा डोटल में शालिग राम जी का विवाह तुलसी माता के साथ होने के बाद बड़े भव्य पार्टी का भी आयोजन किया गया है। समिति से जुड़ी श्रीमती रंजू अग्रवाल, ममता अग्रवाल सहित सुनीता, सीमा, नीलिमा, विमला, रजनी, अनिता बंसल व अंजू सहित समाज की अन्य महिलाएं व युवतियां इस बड़े तुलसी विवाह की तैयारियों में पिछले कई दिन से लगी हुई है। समिति अध्यक्ष श्रीमती रंजू अग्रवाल ने बताया कि यह दूसरी बार है जब इस तुलसी विवाह को बड़े वैवाहिक समारोह का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यह आयोजन आने वाले समय में भव्य समारोह का स्वरूप ले जिससे शहर की अलग पहचान बने।

### रथ पर सवार शालिग राम जी शहर भ्रमण कर पहुंचेंगे भव्य होटल में, बड़ी पार्टी भी





### प्रबोधनी एकादशी आज, लोगों में ऊहापोह की स्थिति

देव उठनी एकादशी को लेकर लोगों में उहापोह की स्थिति बनी है। पुरोहित तुलसी विवाह का हवाला देकर रविवार को एकादशी मनाने की बात कह रहे हैं जबकि काशी विद्वत परिषद एवं चर्चित पंचांगों का हवाला देकर आचार्य शनिवार को एकादशी मनाने की बात कह रहे हैं। आचार्य पं.दिनेश मिश्रा ने बताया कि काशी विद्वत परिषद् ने शनिवार को एकादशी मनाने का निर्णय लिया है। शनिवार को शत मिषा नक्षत्र होने के के कारण तुलसी विवाह पर प्रतिबंध है। रविवार को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में तुलसी विवाह यशेष्ठ है। काशी विद्वत परिषद के निर्णयानुसार शनिवार को प्रबोधनी एकादशी का व्रत किया जाएगा तथा रविवार को सुबह 10 बजे के पूर्व तुलसी विवाह उपरांत व्रत का पारण किया जाएगा।

SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
-D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
-B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
-B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
-B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

## खबर संक्षेप

### श्री श्याम उत्सव आज से निकलेगी निशान यात्रा

**राजपुर।** नगर में श्रद्धा और भक्ति के रंगों से सराबोर श्री श्याम उत्सव का आयोजन 1 नवंबर को धूमधाम से किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन धंशीराम अग्रवाल परिवार द्वारा निवास स्थान बस स्टैंड के पास किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत दोपहर 3.30 बजे महामाया मंदिर प्रांगण से निशान यात्रा के साथ होगी, जो कार्यक्रम स्थल घनश्याम गारमेंट्स, लक्ष्मी हार्डवेयर, राजपुर तक निकाली जाएगी। संध्या 7.31 बजे से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में भव्य दरबार, अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग, इत्र की वर्षा तथा श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था रहेगी। इस दौरान दिल्ली की गौरी अग्रवाल भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगी। धनसीराम अग्रवाल ने नगरवासियों से सहपरिवार उपस्थिति होकर श्री श्याम महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया है।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को, आवेदन 9 तक

**अम्बिकापुर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को होगी। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। इच्छुक विद्यार्थी 9 नवम्बर तक आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन पंजीयन में अभिभावकों ने अपना ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पंजीकृत करने के साथ ही अभ्यर्थी के रंगीन पासपोर्ट फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र आदि को अपलोड करना आवश्यक है।

### मंदिर में जलाएं दीपक से आग लगने पर सहमी नवविवाहिता ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम मुडईकेला निवासी लक्ष्मी बहेरा पति राजेश बहेरा (22 वर्ष) दीपावली के दिन घर में पूजा करने के बाद घर व दुकान में दीया जलाने के पश्चात पास ही मंदिर में दीया जलाने गई। नव विवाहिता जैसे ही मंदिर में दीया जलाई तभी कुछ देर बाद मंदिर में आग लग गई। इधर आग लगने से घबराई नव विवाहिता आग बुझाने लगी जिससे झुलस गई। घटना के बाद नवविवाहिता सहम गई। इधर परिजन ने नव विवाहिता को ढांढस बंधाया। दूसरे दिन निव विवाहिता परिजन को भोजन कराने के पश्चात कीटनाशक पी ली। परिजन नवविवाहिता को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक मृतिका का विवाह हुए तीन साल ही हुआ था। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### नहर में डूबने से दो साल के मासूम की मौत

**अंबिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम महुआटिकरा निवासी 2 वर्षीय दक्षराज सिंह आ. अमरेश कुमार सिंह सुबह में घर में खेल रहा था जबकि उसकी मां बोरिंग में कपड़ा धोने चली गई थी। इसके साथ ही बच्चे की दादी घर में खाना बना रही थी। जब परिवार के सदस्य घर में आए तो बच्चा नहीं था। ऐसे में सभी बच्चे की खोजबीन करने लगे। इसी दौरान घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित नहर के पानी में बच्चा औंधे मुंह पड़ा मिला। आनन फानन में बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संभावना जताई जा रही है कि मां को खोजते हुए बच्चा घर से निकल गया होगा और नहर में गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## नकाबपोश चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

# दुकान का शटर तोड़कर आधा किलो सोना और 20 किलो चांदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

एसपी बंगले से महज आधा किमी की दूरी पर स्थित ज्वेलरी शाप को चोरों ने निशाना बनाया है। देर रात शटर तोड़कर घुसे चोर दुकान से सोने चांदी के जेवर चोरी कर भाग निकले। इस घटना में लगभग आधा किलो सोने और 20 किलो चांदी के जेवर पार होने की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि चोरों ने दुकान में रखी तिजोरी को भी तोड़ लिया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है और पुलिस की रात्रि गस्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए है। पुलिस द्वारा फिलहाल इस घटना की जांच की जा रही है।

बता दें कि नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत क्षेत्र दहेजवार के हिन्दू चौक के समीप धनंजय सोनी की धनंजय ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। विपिन सिंह नामक व्यक्ति के किराए के भवन में उक्त दुकान संचालित होती है। 30 अक्टूबर की रात 9 बजे धनंजय सोनी दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। इस दौरान 31 अक्टूबर की सुबह 5 बजे व्यवसायी का चचेरा भाई रवि सोनी घूमने निकला तो उसकी नजर दुकान के आधे उठे हुए शटर पर पड़ी जिसके बाद उसने अपने भाई धनंजय सोनी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद व्यवसायी दुकान पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। दुकान के शटर को सब्बल से उठाकर चोरों ने दुकान में प्रवेश किया था और चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने अपनी ओर से जांच शुरू कर दी है। चोर दुकान से लगभग आधा किलोग्राम सोना और 20 किलो ग्राम चांदी चोरी करके ले गए हैं। इस घटना से परिवार सदमें में है जबकि क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सबसे बड़ी बात यह है कि घटना स्थल से आधा किमी की दूरी पर एसपी निवास है और अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन इसके बाद भी चोरी होना पुलिस की रात्रि गस्त व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। एफएसएल के साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची थी लेकिन स्नीफर डॉग से पुलिस को कोई ख़ास मदद नहीं मिल पाई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है लेकिन फिलहाल पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है।





जांच करती पुलिस।

### शटर तोड़ने के बाद भागे फिर लौटकर की चोरी

दुकान के बाहर और आस पास लगे सीसीटीवी से यह बात सामने आई है कि इस घटना को कुल 6 चोरों ने अंजाम दिया है। इनमें से तीन चोर शटर तोड़कर दुकान में घुसे जबकि तीन चौक पर खड़े होकर पहरेदारी कर रहे थे। फुटेज में नजर आया है कि दो बाइक में चोर 12.59 बजे चौक पर पहुंचे और फिर 25 मिनट तक क्षेत्र की रेकी की, गलियों में बाइक की लाईट जलाकर देखा कि कोई आ तो नहीं रहा है। इस दौरान चोरों ने सब्बल से शटर को उठाकर तोड़ा। शटर उठाने पर जोर की आवाज हुई तो सभी चोर दुकान से भाग निकले और जब देखा कि कोई आ नहीं रहा है तो वे वापस लौटे और वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में घुसते के साथ ही सामने लगे सीसीटीवी और मानिटर को तोड़ दिया। चोर नकाब लगाकर पहुंचे थे।



# एक साथ दो सूने मकानों में चोरी, 12 लाख का जेवर और नगद ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चोरों ने सूने मकान को एक बार फिर से निशाना बनाया है। शहर के मठपारा में चोरों ने एक साथ दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर अपने साथ नगदी और जेवर समेत 12 लाख रुपए का सामान लेकर भाग निकले। परिवार घर में ताला लगाकर छठ पूजा मनाने के लिए झारखंड गया हुआ था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि मणिपुर थाना अंतर्गत मठपारा निवासी अजीत गुप्ता और उसके चाचा राजेश साहू का परिवार छठ पूजा मनाने के लिए 25 अक्टूबर को झारखंड के डाल्टेनगंज गया हुआ था। इस दौरान परिवार की एक महिला ने 29 अक्टूबर को अपने पड़ोसी बुध सिंह की पत्नी को फोनकर घर के स्थिति की जानकारी भी ली थी। इस बीच 31 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी ने जाकर देखा तो अजीत और राजेश साहू के घर का ताला टूटा हुआ था। ऐसे में उसने घटना की सूचना मकान मालिकों को दी। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी पेटी के ताले टूटे हुए थे। इन दोनों घरों से 2 लाख रुपए नगदी और 10 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर के चोरी होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

# बीच बचाव करने गई भाभी पर टांगी से वार कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मामूली विवाद पर ग्रामीण ने अपनी भाभी की टांगी से मारकर हत्या कर दी। मारपीट से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा ई कि गांधीनगर थाना अंतर्गत बिशुनपुर के गोरसीडबरा निवासी मृतिका 55 वर्षीया सोनमतिया पति तिरल बरगाह और उसके देवर गोपी उर्फ कुंभकरण का घर अगल बगल है। 30 अक्टूबर को गोपी उर्फ कुंभकरण अपनी पत्नी के साथ विवाद करने के साथ ही उससे मारपीट कर रहा था। हल्ला गुल्ला सुनकर जब ग्रामीण की भाभी भी मौके पर पहुंची और मारपीट करने से मना किया। इस दौरान आक्रोशित गोपी ने अपनी भाभी से कहा कि तुम बोलने वाली कौन होती हो जिसके बाद देवर भाभी में विवाद शुरू हो गया। महिला ने अपने देवर को घर से दूर जाकर पत्नी से झगड़ने की बात कही जिससे आक्रोशित होकर गोपी उर्फ कुंभकरण ने घर में मौजूद टांगी से अपनी भाभी सोनमतिया पर ताबड़ तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया। इधर टांगी के हमले से गंभीर महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान के शुक्रवार को मौत हो गई। महिला के मौत के बाद घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने बिशुनपुर क्षेत्र में टांगी के साथ छिपे हुए आरोपी को हिरासत में लेने के साथ ही उसके पास से टांगी जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही मामले में अस्पताल पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- पुलिस ने घेराबंदी कर लिया हिरासत में, उपचार के दौरान महिला की मौत



### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की एक माह बाद मौत

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम पलमा निवासी गिरधारी पैकरा आ. लोधू राम (75 वर्ष) 29 सितंबर को रायसरा निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। शाम को वापस लौटने लगा तभी रायसरा बाजार चौक के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 5182 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के कुछ दिन बाद छुट्टी दे दी गई। इसी बीच 25 अक्टूबर को तबियत खराब होने परिजन परिजन सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।



# जर्जर हुआ बांक नदी पर बना पुल, नजर आ रही छड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बांकी नदी पर बना वर्षों पुराना पुल अब जर्जर हो चुका है और दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। पुल पर लगाए गए छड़ नजर आने लगे है। बलरामपुर और सूरजपुर जिले को जोड़ने वाले इस पुल प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। यदि समय रहते इस पुल के मरम्मत का कार्य नहीं किया गया तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

बता दें जिले के ककना- कल्यानपुर मार्ग पर बांक नदी के ऊपर पुल का निर्माण कराया है। वर्षों पूर्व बना यह पुल अब जर्जर हो चुका है और जगह जगह से धंसने लगा है। आलम यह है कि पुल पर कई जगह धंसने के कारण गड्ढे हो गए है और सिर्फ छड़ ही नजर आ रही है। बड़ी बात यह है कि इस मार्ग पर बाइक व कार के साथ ही भारी वाहनों का आवागमन जारी रहता है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से पुल की स्थिति और भी खतरनाक होती जा रही है जिससे ग्रामीणों और राहगीरों एन दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई गई इस सड़क पर हाइवा, बस, ट्रेलर सहित सभी भारी वाहन आवागमन कर रहे है। एनएच की स्थिति खराब होने के बाद इस मार्ग का उपयोग बढ़ गया है जिससे सड़क की स्थिति तो खराब हुई है अब पुल खतरनाक स्थित में पहुंच गया है। पीएमजीएसवाई सड़क पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए एसडीएम देवेन्द्र प्रधान ने अखोरा खुर्द चौक और पुल के समीप दो बेरीकेट्स लगवाए गए थे ताकि हाइवा, ट्रक, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहन इस मार्ग पर प्रवेश नहीं कर पाए लेकिन एसडीएम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी है। गिट्टी और बालू लोड करने वाले चालक बैरिकेड्स को तोड़कर या किनारे हटाकर पुल से गुजर जाते हैं। परिणामस्वरूप पुल पर अत्यधिक भार पड़ने से इसकी नींव कमजोर होती जा रही है। अब पुल के कई हिस्से धंसने लगे हैं और लोहे की सरिया खुलकर दिखने लगी हैं। इससे पुल की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और विभाग को अब सड़क व पुल की खराब स्थिति की जानकारी दी, लेकिन अब तक विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

- भारी वाहनों के आवागमन से बढ़ी हादसे की संभावना

## तकनीकी शिक्षा विभाग ने घोषित किया शासकीय कॉलेज, छात्र-छात्राओं को मिलेंगी अनेक सुविधाएं

# स्थापना के ढाई दशक बाद बदला विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छात्र-छात्राओं की लगातार मांग के बाद स्थापना के ढाई दशक उपरांत प्रदेश सरकार ने अब विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम बदलकर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कर दिया। शासन के इस निर्णय के बाद अब इंजीनियरिंग कॉलेज को आवश्यकता के अनुरूप शासकीय बजट मिलेगा साथ ही छात्र-छात्राओं को भी अनेक सुविधाएं मिलेंगी।

शासन द्वारा सितम्बर 2010 में आदिवासी बहुल सरगुजा में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गई थी। इस दौरान विलंब होने के कारण तकनीकी शिक्षा परिषद की मान्यता नहीं मिलने के कारण कॉलेज संचालन की अस्थाई जिम्मेदारी तत्कालीन सरगुजा विवि को सौंपी गई थी। विवि प्रबंधन ने शासन एवं कार्यपरिषद की अनुमति लिए बिना ही कॉलेज का नाम बदलकर विवि इंजीनियरिंग कॉलेज लखनपुर कर दिया था। विवि इंजीनियरिंग कॉलेज को अपनी शैक्षणिक संस्था बताकर शासन से आर्थिक लाभ लेता रहा लेकिन कॉलेज के विकास की चिंता नहीं की। विवि द्वारा संचालित होने के कारण कॉलेज को कभी शासकीय तकनीकी संस्था के रूप में वित्तीय सहायता नहीं मिल सकी। तकनीकी शिक्षा परिषद् की मान्यता नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगातार आंदोलन करने के बाद विवि ने तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता लेने की पहल की साथ ही वर्ष 2020 में कॉलेज को स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अधीन स्थानांतरित किया गया। अब भी कॉलेज का संचालन तकनीकी विवि के अधीन होने के कारण शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की तुलना में मात्र 20 फीसदी आर्थिक सहायता मिल रही थी। विवि के अधीन होने के कारण न तो मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति न ही छात्राओं को शिक्षण शुल्क माफी एवं अजजा व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को स्टेशनरी, लैब किट, चिकित्सा प्रतिपूर्ति व प्लेसमेंट की सुविधा मिल रही थी। छात्राओं की लगातार मांग व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की पहल पर तकनीकी शिक्षा विभाग ने 30 अक्टूबर को आदेश जारी कर विवि इंजीनियरिंग कॉलेज नाम बदलकर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कर दिया है। शासन के इस निर्णय के बाद केंद्र सरकार की घोषणा के अनुसार इसे सीईटी के रूप में विकसित किया जा सकेगा साथ ही छात्र-छात्राओं को भी अन्य शासकीय कॉलेजों की तरह सभी सुविधाएं मिलेगी। कॉलेज के प्राध्यापकों के वेतन में सुधार होगा साथ ही पर्याप्त शासकीय बजट मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### सोनहत में रूक-रूक कर दिनभर हल्की बारिश

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में 31 अक्टूबर को सुबह से पूरे दिन हल्की बारिश रूक-रूक कर होती रही। लगातार फुहारों के कारण पूरे दिन वातावरण ठंडा और सर्द बना रहा। बीच-बीच में बारिश थमने पर लोगों ने अपने दैनिक कार्य निपटाए, लेकिन बादलों की घनी उपस्थिति के कारण पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। आकाश में गहरे बादलों का डेरा लगातार बना रहने से मौसम विभाग जैसे हालात बन गए हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों तक भी मौसम में सुधार की संभावना कम ही है। यदि चाहे तो मैं इसका ब्रेकिंग, शॉर्ट हेडलाइन, या सोशल मीडिया पोस्ट वर्जन भी तैयार कर दूं।

### गजराज दलों की धमक से दहशत में वनांचल

**सोनहत।** खंड स्तरीय सुदूर वनांचल ग्रामों में धान की फसल पकने के साथ ही हाथियों के आने की घटनाएं तेज हो गई हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अमृतपुर, सुखतरा क्षेत्र में लगभग 32 हाथियों का बड़ा दल घूम रहा है, वहीं रामगढ़ वन क्षेत्र के आसपास 13 हाथियों का अलग दल विचरण कर रहा है। बताया गया है कि गजराज इन दिनों किसानों की धान की फसल को निशाना बनाते हुए भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल चराई और रौंदने की शिकायतें लगातार विभाग तक पहुंच रही हैं। वन विभाग का कहना है कि दोनों दलों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर हटाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं, ताकि ग्रामीणों और किसानों को राहत मिल सके। यदि चाहें तो मैं इसका ब्रेकिंग अलर्ट, सोशल पोस्ट, या छोटा हेडलाइन भी बना दूं।

### उप निरीक्षक विजय को चिरमिरी थाने की कमान

**डोमनहिल।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ थाना प्रभारियों, एएसआई तथा प्रधान आरक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में खड़गवां थाने में अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली और सख्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उप निरीक्षक विजय सिंह को अब चिरमिरी थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है।

### किसान चिंतित, बेमौसम बारिश ने बरपाया कहर, धान समेत सब्जी फसलों को भारी नुकसान

# आफत की बारिश : खेत में कटे धान की फसल खराब





बेमौसम बारिश से खराब हुई फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से कोरिया जिले में बीते तीन-चार दिनों से हल्की एवं मध्यम बारिश का दौर चलता रहा। विदाई हुए बारिश के फिर से सक्रिय होने के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

वर्तमान में खरीफ की प्रमुख फसल धान कटाई के लिए खेतों में खड़ी है और जिले के कई क्षेत्रों में पकी धान की कटाई का कार्य शुरू भी हो गया है, ऐसे समय में हो रही बारिश से कटाई किए गए धान फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि अभी जिले में धान कटाई जोर नहीं पकड़ा हैं, लेकिन अर्ली वैरायटी वाले धान पूरी तरह से पककर कटाई योग्य हो गए हैं, जिन्हें किसान परिवार कटाई करने में जुट गए हैं। इसी बीच अचानक मौसम में बदलाव से कोरिया जिले में तीन-चार दिनों से हल्की एवं मध्यम बारिश हो रही है, इससे खेतों में काटकर छोड़े गए धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं अचानक बारिश का मौसम शुरू होने के कारण धान की कटाई कर खलिहान में रखे धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार जिन खेतों में पके धान फसल को काट लिया गया है, लेकिन लगातार कई दिनों की बारिश होने के कारण उठाव नहीं हो पाया है,ऐसे में कटाई किए गए धान पानी में भींगकर बर्बाद हो रहा है, किसानों के अनुसार जिन खेतों में धान की फसल की कटाई नहीं हुई है,उन्हें ज्यादा नुकसान नहीं है, लेकिन जिन लोगों ने कटाई कर लिए हैं और उठाव नहीं किए हैं, उनके धान फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### बिना कटाई के गिर गए धान फसल

कोरिया जिले में कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण खेतों में जहां धान कटाई का कार्य प्रभावित हुआ, बारिश के कारण कटे हुए खेतों से धान का उठाव भी नहीं हुआ तथा बारिश व हवा के हल्की झोंकों से कई क्षेत्रों के खेतों में पकी धान की फसल खेतों में ही गिर गए हैं, जिन्हें भी नुकसान होने की संभावना है। खेतों में गिरे धान की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। इस तरह लौटती मानसून के बीच हुई कई दिनों की बारिश के कारण कोरिया जिले के कई क्षेत्रों में धान फसल को चौपट कर दिया गया।

## बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर



**सोनहत।** खंड क्षेत्र में 28 अक्टूबर से जारी लगातार बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। विभिन्न ग्राम बोडार, रजौली, बेलिया, कैलाशपुर, घुघरा, काटगोड़ी, शीत और दूरस्थ वनांचल गांवों के किसानों ने बताया कि पकी हुई धान की फसल लगातार बारिश से खेतों में ही गिरकर सड़ने लगी है। कई किसानों के खेत में काटकर रखे गए धान को खलिहान तक नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे बीती रात की तेज बारिश में फसल बह गई या पूरी तरह भीगकर अंकुरित हो गई, जिसके कारण वह पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि आलू और मौसमी सब्जियों की खेती भी बारिश की जद में आकर भारी नुकसान की कगार पर है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

### नुकसान का आंकलन कर राहत देने की मांग

मुख्यालय सहित वनांचल क्षेत्रों के सीमांत किसान और काश्तकारों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर उचित राहत राशि प्रदान की जाए। पंच संघ के अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी ने बताया कि बसवाही, तंजरा, केशगवां सहित कई गांवों का दौरा कर किसानों से नुकसान की जानकारी ली और कहा कि हालात गंभीर हैं। उन्होंने प्रशासन से किसानों को शीघ्र राहत राशि प्रदान करने का आग्रह किया है।

### समीक्षा और आलिया ने प्रश्न मंच में मारी बाज़ी

**रामानुजगंज।** सेजेस रामानुजगंज एवं सेजेस बलरामपुर हिंदी माध्यम की प्रश्न मंच टीमों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों टीमों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सेजेस रामानुजगंज की छात्राएं समीक्षा तिवारी एवं आलिया आफरीन ने अद्भुत प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



दुर्लभ संयोग पर एकादशी का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसी के साथ ही भगवान विष्णु का चातुर्मास समाप्त हो जाएगा और भगवान विष्णु योग निद्रा से जागकर सृष्टि का कार्य भार संभालेंगे, इसके साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यो के शुरू करने की रोक भी हट जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी को देव उठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। दीपावली के बाद इसे छोटी दीपावली के रूप में उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है, इसके साथ ही विवाह, सगाई, गृह प्रवेश मुंडन सहित अन्य तरह के मांगलिक कार्यो की शुरूआत भी हो जाएगी। बीते 6 जुलाई से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले गए थे, चातुर्मास लगने से सभी तरह के शुभ कार्यो पर प्रतिबंध लग गया था , जो आज देवउठनी एकादशी के साथ समाप्त हो जाएगा। मान्यता के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करने का विशेष विधान है। तुलसी को मॉ लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, इस दिन तुलसी की पूजा करने और घी का दीपक जलाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है, धन संबंधी परेशानियां दूर होती है। इस वर्ष एकादशी तिथि पर शनि का संयोग बन रहा है, जिसे एक दुर्लभ संयोग माना जा रहा है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ शनिदेव की पूजा करने से भक्तों के कष्ट व बाधा दूर होंगे।

### पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर निकाला जुलूस

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कबाड़ियों के साथ ही गांजा, शराब, जुआ और सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने 10 से अधिक आरोपियों को पकड़ते हुए उनका जुलूस भी निकाला।

### सड़क पर कार के बोनट पर केक काटने का मामला: चौकीदार संग्राम निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे ने आदेश जारी कर विकासखंड खड़गवां शासकीय माध्यमिक विद्यालय खड़गवां के चौकीदार संग्राम गुप्ता को निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर की रात में संग्राम गुप्ता द्वारा आबादी क्षेत्र की सड़क पर कार के बोनट पर केक काटने और पटाखे फोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उक्त वीडियो में वह कुछ अन्य युवकों के साथ सड़क पर पार्टी करते हुए दिखाई दिए। यह वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा मामले की जांच कराई गई, जिसमें विद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रतिवेदन में वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान चौकीदार संग्राम गुप्ता के रूप में की है। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मी का यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 तथा प्रदूषण संबंधी कानूनों के विपरीत है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार MBBS,MD (General Medicine) MD (Nephrology)
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता MD,Hematologist & BMT Physician
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1-5 Tesla MRI All Diagnostic Facilities
02 नवम्बर 2025,माह के पहले रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
पेशाब में जलन
यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
पेशाब का रंग लाल होना
हॉथ और पैरों में कमजोरी
डायबिटिक किडनी
किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता MD Medicine, DM Nephrologist Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

सरगुजा मार्केट

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 5 बजे से 7 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
इस देवउठनी एकादशी, हर किसान के घर में समृद्धि का उजाला सदा रहे।




जैनसंस ट्रैक्टर्स
रिंग रोड, नमनाकला, नियर महामाया पेट्रोल पम्प, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.- 9300187871
ब्रांच - बैकुंठपुर, लखनपुर, बतौली, दरिमा, बगीचा, मो.- 8305888008

## खबर संक्षेप



### विधायक शकुंतला पोर्ते ने छात्राओं को वितरित की साइकिल

**प्रतापपुर।** शासकीय हाई स्कूल गणेशपुर में सरस्वती निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते उपस्थित हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने माता सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया और स्कूल की छात्राओं को सायइक वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने शाला के बच्चों को सम्बोधित करते हुए जीवन में सफलता के कई सुझाव दिए। साथ ही कई प्रासंगिक कहानियां भी सुनाई। विधायक ने बताया कि सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में किया था और उनकी यह योजना बच्चीयों को शाला से जोड़ने में बहुत कारगर सिद्ध हुई। यह योजना आज भी प्रासंगिक है और बच्चियों के लिए शाला की दूरी को कम करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपनत्व की भावना के साथ बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा मनुष्य के जीवन की पहली और प्राथमिक आवश्यकता है। विधायक ने शाला की मांगपत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विधायक मद से शाला प्रांगण के लिए अहाता निर्माण और खेल मैदान के समतलीकरण की घोषणा की। इस दौरान मुकेश तायल, अवधेश पांडेय, कृष्णा प्रसाद सोनी, सियाराम, श्रीमती रामबाई, संतोष बरगाह प्रदीप सिंह, जोगेन्दर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरस्वती साईकल योजना के तहत 25 छात्राओं को प्रदान की गई साईकल



बिश्रामपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर (शिक्षा) में शुक्रवार को पालक-शिक्षक बैठक एवं सरस्वती साइकल वितरण कार्यक्रम किया गया,इस योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 25 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया,इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं परीक्षा परिणाम पर चर्चा की गई, कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जयनगर थाना से एएसआई केश्वर मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नकुल राम, एमडीसी सदस्य विरेन्द्र कुमार, ब्रहमदेव, जाहिद अली, श्रीमती एकरी देवी, श्रीमती प्रेमलता व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुफियाना खलखो ने किया, मंच संचालन डॉ. राजेश्री नारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता सिंह,शिमला गुप्ता, उषा बेला, ज्योति शर्मा,आराधना कुशवाहा, जया साना, कृति कुमार व अन्य सक्रिय रहे।

### ओपीएस मिनी स्पोर्ट्स में अश्वित घोष बने चेस चैम्पियन



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल प्रांगण में चल रहे मिनी स्पोर्ट्स में गुरूवार को शतरंज स्पर्धा हुई। स्पर्धा में टैगोर, कलाम, शेक्सपीयर एवं आईस्टीन हाउस के खिलाड़ियों ने भागीदारी की। बालक वर्ग में शेक्सपीयर हाउस के अश्वित घोष प्रथम, प्रतीक बंसल द्वितीय एवं आरूष गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में कलाम हाउस की अदिति मिश्रा प्रथम, नव्या गुप्ता द्वितीय एवं आयुषी चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉज बॉल बालिका वर्ग का फाइनल मैच कलाम और आइंस्टीन हाउस के बीच खेला गया जिसमें कलाम हाउस 11-9 से विजयी रही। विजेता खिलाड़ियों में एन्जल शिफा बड़ा, नेहा यादव, अनुष्का सिंह, अराधना मुण्डा, गरिमा गायकवाड़, अर्पिता पाल, यासमिन परवीन है। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजयी हाउस के विद्यार्थियों को बधाई दी।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में कार्यक्रम के संचालन के बारे में राजनीतिक दलों की बैठक ली। साथ ही प्रेस वार्ता लेकर विस्तार से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में संबंधितों को जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जो घोषणा की है। जिसे 6 चरण में पूरा किया जाएगा। मुद्रण प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा। इसके पश्चात घर-घर जाकर सत्यापन कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। जिसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्ति करने की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक निर्धारित की गई है। पांचवें चरण में सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी को होगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि,जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़ रही खेतों में लेटी व खड़ी फसल

# बारिश में पांच दिनों से भींग रही धान की बालियों से निकलने लगे अंकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज हवा एवं बारिश के कारण धान की तैयार फसल खेतों में लेट गई है वहीं काटने के बाद सूखने के लिए रखी गई फसल लगातार भींगने के बाद खराब हो रही है तथा धान की बालियों में अंकुर निकल गए हैं। फसल की हालत देख के किसान काफी निराश है।

**खास बात**
- किसानों को सता रही कृषि ऋण की चिंता

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से हुई बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तूफान के प्रभाव से पिछले पांच दिनों से छिटपुट बारिश हो रही है वहीं कुछ इलाकों में घने बादल छाने के साथ ही रूक-रूक कर बारिश हो रही है। बारिश ने धान की पकी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस बार निर्धारित समय के पूर्व मानसून की वर्षा होने के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के किसानों ने समय पर धान की रोपाई कर दी थी। बीच-बीच में पर्याप्त वर्षा होने के कारण धान की फसल एक सप्ताह पूर्व पककर तैयार हो गई। किसान लगभग आधी फसल ही काट पाए थे कि चक्रवाती तूफान मोंथा सक्रिय हो गया तो रूक-रूककर बारिश होने लगी। इस दौरान मौसम का हाल देख कुछ किसानों ने अपनी फसल की मिसाई कर ली जबकि शेष किसानों की फसल खेतों में पड़ी रह गई। तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण धान की खड़ी फसल लेट गई वहीं काटने के बाद सूखने के लिए रखी गई धान की फसल बारिश में भीगती रही। खेतों में बारिश का पानी भरने के कारण धान की खड़ी फसल एवं काटी गई फसल के लगातार बारिश में भींगने के कारण बालियों व पैरा का रंग बदल गया है तथा बालियों से धान के अंकुर निकल रहे हैं। स्थिति देखकर किसान खेतों में पड़े-पड़े खराब हो रही फसल को उठाकर मेड़ों पर रख रहे हैं ताकि बची-खुची फसल को पानी से बचाया जा सके। फसल की हालत देख किसान काफी निराश हैं तथा उन्हें कृषि ऋण के भरपाई की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि बारिश में भींगी फसल के दाने काले पड़ गये हैं ऐसे में समिति में उनकी धान नहीं खरीदी जाएगी तथा उनके कृषि ऋण का भुगतान नहीं हो सकेगा। भीगी फसल का उत्पादन भी आधा हो जाएगा। ग्राम कछवारी निवासी कृषक राजेश जायसवाल ने बताया बारिश में लगातार भींगने के कारण धान की बालियों से अंकुर निकल रहे हैं तथा अधिकांश धान सड़ रहा है। ऐसे में कृषि ऋण की भरपाई कैसे होगी इसकी चिंता परेशान कर रही है।

ग्राम कोल्हुआ के किसान अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि बारिश से खड़ी फसल खेतों में लेट गई है। काटी गई एवं लेटी फसल की बालियों से अंकुरण हो रहा है। इस बार क्षेत्र के किसान अपने कृषि ऋण की भरपाई नहीं कर पाएंगे।



बारिश से भींगे धान की फसल।



अंकुरित धान।

### झड़ रहे दाने

बारिश से बची-खुची फसल को बचाने किसान खेतों में रखे धान को सूखने के लिए मेंड़ों पर रख रहे हैं। किसानों का कहना है कि अंकुर निकलने के कारण भींगी फसल को उठाते ही धान के दाने खेतों में झड़ जा रहे हैं। कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण किसान बारिश में खराब हो रही फसल को बचाने की मशक्कत कर रहे हैं। अच्छी धूप नहीं निकलती है तो खेतों में लेटी फसल को काटना संभव नहीं है। प्रभावित किसान अब धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

### इन गांवों में अधिक क्षति

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी बिहारपुर अंतर्गत पहाड़ी एवं मैदानी दोनों ही क्षेत्र के गांवों में बेमौसम बारिश से भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के ग्राम महुली, कोल्हुआ, अवन्तिकापुर, नवगई, उमझर, रामगढ़, खोहिर, पासल, मोहरसोप, खैरा, करौटी ए, जुड़वनिया, कछिया, नवाटोला, सफहा, कुबेरपुर, हाड़पाथर, पेंडारी, कांतिपुर, विशालपुर, सेमरा, देवढ़ी आदि में बारिश से अधिकांश किसानों की फसल खराब हो गई है। प्रभावित किसान शासन से राहत मिलने की उम्मीदें लगाए हैं। बेमौसम बारिश से क्षेत्र की 30 फीसदी धान की फसल खराब होने का अनुमान है।

### दिए हैं आकलन के निर्देश

बारिश से धान की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की शिकायत मिली है। सभी हल्का पटवारियों को फसल क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन को रिपोर्ट भेजकर क्षतिपूर्ति भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

-विंदेश्वर प्रजापति
तहसीलदार, बिहारपुर



## चक्रवाती मोंथा के कारण बारिश से धान को पहुंचा नुकसान, किसानों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान मोंथा का असर अब नगर समेत आसपास इलाके में भी देखने को मिल रहा है, गुरुवार की देर रात आई तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने किसानों की खड़ी धान फसल को गहरा नुकसान पहुंचाया है, कई गांवों के खेतों में पानी भर गया है, वहीं कई जगहों पर धान की फसलें झुककर सड़ने लगी हैं,किसानों की मानें तो उनकी पूरे साल की मेहनत अब पानी में बहती नजर आ रही है।आसपास के इलाकों में फसलों की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है,किसानों ने बताया कि पहले ही असामयिक वर्षा और कीट संक्रमण से फसलें प्रभावित थीं,अब मोंथा तूफान की बारिश ने बची हुई उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है,खेतों में पानी भर जाने से कटाई प्रभावित हो रही है और जो किसान किसी तरह फसल काट भी रहे हैं, वे इसे खलिहान तक पहुंचाने में असमर्थ हैं।किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत तत्काल सर्वे और मुआवजा वितरण की मांग कर रहे हैं, उनका कहना है कि अगर शीघ्र राहत नहीं मिली तो वे आगामी रबी सीजन की बुवाई शुरू नहीं कर पाएंगे, किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षति का मूल्यांकन युद्धस्तर पर कराया जाए ताकि प्रभावितों को त्वरित आर्थिक सहायता दी जा सके,पंचायत प्रतिनिधियों ने भी कहा कि प्रशासन को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपदा राहत दल तैनात करना चाहिए। कई खेतों में अब भी पानी भरा है जिससे फसलें पूरी तरह सड़ने का खतरा बना हुआ है,क्षेत्रीय कृषि अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक सर्वे में करीब 60 से 70 प्रतिशत फसल प्रभावित बताई जा रही है,इस प्राकृतिक आपदा ने एक बार फिर किसानों के सामने आर्थिक संकट की गहरी चुनौती खड़ी कर दी है,खेतों में लहलहाती फसल अब तूफान की मार से लाचार होकर जमीन पर बिछी दिखाई दे रही है।

## सीनियर सिंगल डांस ऑडिशन में 80 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 25 पहुंचे सेमीफाइनल में

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में सीनियर सिंगल डांस श्रेणी का ऑडिशन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर टॉप 25 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल भारत के विभिन्न राज्यों से बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी कलाकारों ने भाग लिया। साथ ही मुंबई, दिल्ली, पंजाब, बनारस और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक दुबे, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, संतोष दास, दिनेश शुक्ला, शोभनाथ सिंह, गोल्डी बिहाड़े, कमलेश तिवारी, अजय सोनी, अनिल जायसवाल, मनोज कंसारी, रविन्द्र साहू और बबलू गुप्ता रहे। निर्णायक मंडल में श्रीमती रवीन्द्र कौर, लावण्या सिन्हा, श्वेता सिन्हा, चैती अग्रवाल, चेतना जैन, मिताली गुप्ता, अनिकेत कुमार सिंह, रणविजय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी और नासिर ख़ान शामिल रहे। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा युवाओं को मंच प्रदान करने का यह प्रयास न केवल कला के विकास में सहायक है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू, समीद मुंडा, मुनेश्वर, सुनील साहू, गोपी साहू, वीरेंद्र साहू, मनोज अग्रवाल, दिलीप श्रीवास्तव, गजानंद, विकास, रूपेश, निशांत, सचिन, विक्की, उदय, संजय एवं अन्य सदस्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



## शहादत पर पूर्व पीएम इंदिरा को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के 31वें शहादत दिवस पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- याद किए गए लौहपुरुष सरदार पटेल

इस दौरान आयोजित सभा मे प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि देश की जनता में संसाधनों के समतामूलक बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इसके परिणामस्वरूप लंबे समय तक इस देश मे आर्थिक असमानता पर लगाम लगी हुई थी। लेकिन पिछले 11 वर्षों में भाजपा के शासन में पूंजीपतियों के हित में बैंकिंग प्रणाली को जिस प्रकार से नष्ट किया गया उससे देश मे आर्थिक असमानता बढ़ी है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई ने मध्यवर्ग को भी आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है।

इस दौरान सेवादल अध्यक्ष लोकेश कुमार, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इरफान सिद्दकी, श्रीमती मधु दीक्षित, नुरुल अमीन सिद्दकी, दुर्गेश गुप्ता, अनूप मेहता, अशफाक अली, विनोद एक्का, जीवन यादव, प्रमोद चौधरी, दीपक मिश्रा, अविनाश कुमार, शिवप्रसाद अग्रहरि, सीमा सोनी, प्रीति सिंह, संध्या रवानी, सपना सिन्हा, नूतन एक्का, रूही गजाला, अनीता सिन्हा, श्रीमती हमीदा, उर्मिला विश्वास, ममता सिंह, संगीत मिंज आदि मौजूद थे।



### राष्ट्रीय एकता पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया गया

31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने राष्ट्रीय एकता को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि स्वतंत्र भारत का आज जो स्वरूप हमारे सामने है वो लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप है। उन्होंने 562 रियासतों का विलीनीकरण कर मौजूदा अखंड भारत की रचना कर एकता स्थापित की। लेकिन वर्तमान सत्ता अंग्रेजों के नक्शेकदम पर बांटो और राज करो की नीति अपनाते हुए देश को धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की सच्ची राजनैतिक विरासत को धारण करने वाली कांग्रेस पर एकबार फिर देश मे एकता, समरसता और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की जिम्मेदारी आ गई है।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ में स्कूली बच्चों के साथ अधिकारियों- कर्मचारियों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी के साथ स्कूली बच्चे व नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ के माध्यम से कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों, स्कूली बच्चों को देश भक्ति, एकता, अखंडता साथ ही समाज में शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने व एकता दिवस की शपथ दिलाई।



दौड़ के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एकता दिवस की शपथ ली। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, मुरली मनोहर सोनी, शशीकांत गर्ग, शैलेंद्र अग्रवाल, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शरदेन्दु कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



### एसएसपी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। साथ ही सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके अलावा जिले के सभी थाना-चौकी में भी राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ लिया गया। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय सहित काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### कोयलांचल नगरी मे राष्ट्रीय एकता दिवस पर संस्थानों में हुए विविध कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या द्वारा विद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सत्य व निष्ठापूर्वक एकता शपथ दिलवाई गई। प्राचार्या अनामिका भारती ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा हम सभी देशवासियों के लिए सर्वोपरि है। हमें विषम परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा और एकता को बनाए रखते हुए सद्भावना का परिचय देना है, विद्यालय की अध्यापिका प्रेरणा ओझा, छात्रा मान्यता जायसवाल व सौम्या यादव ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को महान राष्ट्र नायक बताया और देश के प्रति उनके महान योगदान को प्रकाशित किया। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू व क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ आयोजित की गई, जिसमे सभी स्वयंसेवकों, छात्र छात्राओं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया,इसी तरह बिश्रामपुर पुलिस व जयनगर पुलिस द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस कर्मियों के साथ एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ किया गया। जयनगर पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत जयनगर भवन में सद्भावना दौड़ उपरांत शपथ दिला उपस्थित जन को साइबर ठगी व अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर,जयनगर टीआई रूपेश कुंतल एक्का व स्थानीय जनप्रतिनिधि सक्रिय रहे।



### एकता दिवस के रूप में मनाया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन

**प्रतापपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल का 150 वां जन्मदिन एकता दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षक और छात्र,छात्राओं द्वारा एकता दिवस का शपथ लिया। शिक्षिका कुमारी सुदीप्ति मिंज द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में छात्र, छात्राओं को बताया। इस दौरान प्रधान पाठक सचिन कुमार जायसवाल, शिक्षक वीरेंद्र कुमार जायसवाल, खगेश्वर प्रसाद रात्रे, कुमारी सुदीप्ति मिंज, प्रधान पाठक मनीलाल बेक, कमलेश कुमार जायसवाल, प्रफुलित एक्का, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता सिंह, सहायिका सुहानों सिंह एवं लखन सिंह और विजय सिंह उपस्थित रहे।





### एकता दौड़ के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दौड़ बचवार गणेश चौक से प्रारंभ होकर शंकरगढ़ ग्राउंड स्टेडियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें समाज में सौहार्द, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने की दिशा में कार्य करना चाहिए। जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत ने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि देश की विविधता ही हमारी शक्ति है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंह देव, सरपंच अनीता पन्ना, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल, एसडीएम अनमोल टोप्पो, नायब तहसीलदार गजराज सिंह,प्राचार्य डॉ. पुनीत राय सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर केआर टेक्निकल कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि आज हम भाषा, धर्म, प्रांत या क्षेत्र के नाम पर एक-दूसरे से दूरी बना रहे हैं जबकि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता में है।  दुर्भाग्यवश अब हम मराठी, छत्तीसगढ़ी, तमिल, तेलगु, मलयालम और बंगाली जैसी भाषाओं के आधार पर भी देश में बांटने लगे हैं। यदि यह प्रवृत्त जारी रही, तो कल गांव और शहर के नाम पर भी यह विभाजन होने लगेगा। निश्चय ही लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल स्वर्ग से यह देखकर प्रसन्न नहीं होंगे। उन्होंने जिस भारत को एक सूत्र में पिरोया, हमें उसे और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी पहली पहचान भारतीय है। सरदार पटेल का एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना तभी सकार होगा, जब हम विविधता को सम्मान पूर्वक स्वीकार करें और एकता को अपने जीवन का संस्कार बनाएं। डायरेक्टर डॉ.रीनू जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा देश की अखंडता, एकता और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक विनोद चौधरी ने सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनितेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### यादव नक्सली विरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित

**मदनपुर/बिश्रामपुर।** बिजापुर में तैनात एसडीओपी ब्रिज किशोर यादव ने हाल ही में एक विशेष नक्सली विरोधी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई। इस ऑपरेशन में नक्सलियों को घेर कर उनकी किलेबंदी की गई, जिससे कई नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ और कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया। उनके इस साहसिक और सफल नेतृत्व को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है।छत्तीसगढ़ में सिर्फ दो एसडीओपी को यह सम्मान मिला है, जिनमें ब्रिज किशोर यादव भी शामिल हैं। ब्रजकिशोर यादव मूल रूप से सिलफिली पार्वतीपुर ग्राम के निवासी हैं। सम्मान की घोषणा के बाद से सिलफिली सहित सूरजपुर जिले के लोगों में खुशी का माहौल है।

### नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यो के लिए 5.63 करोड़ की स्वीकृति

**सूरजपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद सूरजपुर को अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 63



लाख 51 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सूरजपुर नगर का सर्वांगीण विकास है। प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य किए जाएंगे।

### श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मां भगवती जागरण भजन संध्या



**बिश्रामपुर।** धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी श्री नवयुवक दुर्गा मंडल बिश्रामपुर द्वारा आयोजित 22 वां वार्षिक उत्सव एवं मां भगवती जागरण भजन संध्या अत्यंत भक्ति व उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ,नगर के बस स्टैंड में स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां भगवती के भजनों का आनंद लिया,जागरण की शुरुआत मां की आरती एवं अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई,जिसके बाद रात्रि भर भक्ति सुरों की गूंज मंदिर परिसर में बनी रही,जबलपुर से आए प्रसिद्ध भजन गायक ब्रजकिशोर गुप्ता, लवली नेहा, सुरभि,अवधेश मौर्य, कैलाश चौधरी एवं हरदीप सिंह ने अपनी मधुर वाणी में मां भगवती के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे,कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही पंजाब-अमृतसर की जीवंत झांकी,जिसमें देवी-देवताओं के अद्भुत रूपों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया,मध्य रात्रि में माता रानी को चुनरी भेंट,डांडिया नृत्य, सवामणि प्रसाद वितरण तथा अखंड ज्योति दर्शन जैसे आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भावनात्मक एवं धार्मिक अनुभव का केंद्र बने, मंडल द्वारा आयोजित निःशुल्क लकी ड्रा में भी भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मंडल के पदाधिकारियों ने आगामी वर्ष में और भी भव्य आयोजन का संकल्प लिया, आयोजन को सफल बनाने में अजय मित्तल, राकेश अग्रवाल, अरविन्द मित्तल, संदीप सिंघल, रतन अग्रवाल, सुनील मित्तल, मनोज मित्तल, शंकर गोयल, दीपक गोयल, गौरव मित्तल, अजय अग्रवाल, अभिनव, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल व अन्य सक्रिय रहे।

### डॉ.हेडगेवार के जीवन पर नाट्य मंचन 10 को, तैयारियों को लेकर बैठक

**अम्बिकापुर।** आरएसएस के संस्थापक डॉ.हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक का



मंचन 10 नवम्बर को पीजी कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। संस्कृति विभाग एवं संस्कार सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्था एवं दायित्वों हेतु प्रणव भवन में आरएसएस विभाग प्रचारक हेमंत नाग, संस्कार सेवा समिति के सचिव अजय मिश्रा तथा संयोजक नरेंद्र सिन्हा की उपस्थिति में बैठक हुई।

## आग लगने पर हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# जांच के दौरान कई यात्री बसों में नहीं मिले अग्निशमन यंत्र, कई में थी एक्सपायरी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आगजनी होने की कोई निश्चित समय नहीं होता और छोटी सी चिंगारी भी कभी वृहद आगजनी का रूप ले सकता है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम न हो तो लोगों के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। खास कर वाहनों में आग लगने का खतरा अधिक होता है। हैरानी की बात यह है जिला मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में यात्री बस आवागमन करती है लेकिन आगजनी से सुरक्षा के लिए गिनती के ही बसों में फायर एक्सटिंग्विशर होते है। आग बुझाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात आरटीओ विभाग की टीम ने यात्री बसों की संघन जांच की जिसमें कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी पाया गया। टीम ने यात्री बसों में पाए गए कमियों को दूर करने की हिदायत देने के साथ ही नोटिस जारी किया गया है।

**खास बात**
- जांच के बाद संचालकों को वाहन में पाए गए कमियों को दूर करने दी गई हिदायत

शहर के अन्तर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड से जिले सहित दूसरे शहर व राज्यों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री पहुंचती है। शहर के हर रूट में लगभग हर रोज 5 सौ यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों की अपेक्षा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में चौबीस घंटे लोगों की काफी भीड़ होती है। परंतु आगजनी की घटना को लेकर अधिकांश यात्री बसों में आग से बचाव को लेकर लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में अग्निशमन यंत्र नहीं होने पर जब किसी वाहन में आग लगी तो न सिर्फ बड़ी दुर्घटना हो सकती है बल्कि कई यात्रियों के जान जोखिम में पड़ सकते है। इसी के मद्देनजर बीती रात क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी के नेतृत्व में प्रतीक्षा बस स्टैंड में एसी डीलक्स एवं सेमी डीलक्स स्लीपर बसों की फायर सेफ्टी सुरक्षा मानक से संबंधित जांच की गई। परिवहन विभाग की टीम द्वारा लगभग 15 बसों की जांच की गई जिसमें पाया गया की वाहन स्वामियों द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी कर बसों का संचालन लंबे रूट पर किया जा रहा है। कुछ बसों में फायर एक्सटिंग्विशर नहीं पाया गया और जिसमे पाया गया वह कालातीत था। इसके अलावा कुछ बसों में आपातकालीन दरवाजे नट बोल्ट से कसा हुआ पाया गया जो आपात स्थिति में खुलने योग्य नहीं था। साथ ही बसों में फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की गई जिसमें दवाएं एक्सपायरी डेट की पाई गई। हाल ही में देश में कुछ घटनाएं एसी बसों में आग लगने की हुई है जिसको लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रूप अपनाया है। परिवहन विभाग की टीम ने यात्री बसों में पाई गई कमियों को दूर करने वाहन स्वामियों को हिदायत दी।





बसों की जांच करते परिवहन विभाग की टीम।

### कई वाहनों में लग चुकी है आग

शहर समेत आसपास क्षेत्र में यात्री बस, ऑटो व अन्य वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि आगजनी से कोई हताहत नहीं हुआ परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व में शहर आकाशवाणी चौक से कुछ दूर रिंक रोड काली मंदिर के समीप एक वाहन के खड़े करने के दौरान जबकि स्कार्पियो वाहन के चलते समय ही वाहन में आग लग गई। इसके अलावा राजपुर मार्ग में दो यात्री बसों में आग लगने की घटना हो चुकी है। इस घटनाओं से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि पेट्रोल व डीजल वाहन में कभी भी आग लग सकती है। ऐसे में वाहन में अग्निशमन सिलेंडर रखना कितना महत्वपूर्ण है यह आसानी से समझा जा सकता है।

### जारी किया जाएगा नोटिस

बीती रात प्रतीक्षा बस स्टैंड में यात्री बसों की जांच की गई। जांच में कई यात्री बसों में कमियां पाई गई है। जिन बसों में कमियां पाई गई है उन्हे नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही वाहन मालिकों को कमियों को दूर करने हिदायत दी गई है। इसके बाद भी वाहन स्वामियों द्वारा सुधार नहीं किया गया तो सड़क पर उनके वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

-विनय सोनी
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी

## बाइकर्स गैंग की चपेट में आकर शिक्षिका का टूटा पैर, आए दिन बाइकर्स मचा रहे उत्पात



**सीतापुर।** नगर में नाबालिग बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइकर्स गैंग मॉडिफाइड साइलेंसर वाली तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर आम आदमी दुर्घटना का शिकार हो रहे है। बाइकर्स गैंग के कारण एक अन्य स्कूटी सवार महिला के दुर्घटना का मामला सामने आया है। एक्सीडेंट में स्कूटी सवार शिक्षिका का बायां पैर टूट गया और हड्डी बाहर आ गई। शिक्षिका को उपचार के लिए रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत वार्ड क्र1 में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानपाठिका विनीता सोनी छुट्टी के बाद शाम 4 बजे के करीब स्कूल से घर वापस आ रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार नाबालिग बाइकर्स गैंग ने उन्हें अपनी चपेट में लेते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में शिक्षिका बुरी तरह घायल हो गई और उनका बायां पैर टूट गया जबकि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बुरी तरह घायल प्रधानपाठिका को तत्काल हॉस्पिटल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिस दौरान यह घटना हुई उस दौरान बाइक में तीन लोग सवार थे जिसमे दो स्कूली छात्र थे एवं एक उनका साथी बैठा हुआ था जो स्कूल से छुट्टी होने के बाद काफी तेज रफ्तार से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार तीनो हाईस्कूल के पास पहुंचे सामने से जा रही वाहन को ओवरटेक के दौरान सामने से आ रही स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद तीनों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर उत्पात मचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। खासकर स्कूल आने जाने के समय इनका आतंक सड़को पर काफी बढ़ जाता है। इस दौरान हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों का सड़को पर आना जाना लगा रहता है। जिसकी वजह से शहर में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने कार्यवाही की बात कही है।

## प्रेमिका से दुष्कर्म करने के बाद फेंका पुलिया से नीचे

**सीतापुर।** युवक ने मिलने के बहाने पहले अपनी प्रेमिका को बुलाया फिर उससे शारीरिक संबंध की इच्छा जताई। प्रेमिका जब तैयार नहीं हुई तो गुस्साए युवक ने पहले उसकी पिटाई की फिर उसके साथ जबरन अनाचार किया। इतने में युवक का मन नहीं माना तब उसने अपनी प्रेमिका को उठाकर पुलिया



- घंटों बेहोश पड़ी रही युवती, आरोपी गिरफ्तार

के नीचे नाले में फेंककर फरार हो गया। इस घटना के बाद बेहोश हुई प्रेमिका ने होश आने के बाद घरवालों को सूचित किया और रात को थाने आकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम हर्रा टिकरा निवासी 22 वर्षीय इंदलसाय किंडो गुरुवार को मिलने का बहाना बनाकर अपनी प्रेमिका को बुलाया। उसके बुलावे पर जब प्रेमिका उससे मिलने आए तब वो पूरा दिन उसे बाइक पर बैठाकर घुमाता रहा। अंधेरा होने के बाद वो अपनी प्रेमिका को घुमाते हुए ग्राम आरा दर्रापारा स्थित सुनसान पुलिया के पास पहुंचा जहां उसने प्रेमिका से शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जाहिर की लेकिन प्रेमिका ने मना कर दिया। प्रेमिका द्वारा मना करने से नाराज युवक ने पहले प्रेमिका की पिटाई और उसे डराया धमकाया। जब प्रेमिका डर गई तब उसने उसके साथ जबरन अनाचार किया, इसके बाद भी जब युवक का गुस्सा शांत नहीं हुआ तब उसने अपनी प्रेमिका को गोद में उठाकर पुलिया के नीचे फेंक कर मौके से फरार हो गया। युवक द्वारा पुलिया के नीचे फेंके जाने के बाद युवती बेहोश हो गई जब होश में आई तब उसने घरवालों को सूचित किया। घरवाले मौके पर पहुंचे और उसे पुलिया से बाहर निकालकर उपचार हेतु हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसके साथ ही इस घटना की शिकायत पुलिस से की। शिकायत के बाद थाना प्रभारी सीआर चंद्रा ने दलबल समेत दबिश देते रात आरोपी इंदलसाय किंडो को बीएनएस की धारा धारा 64(1), 115(2), 351(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## क्रीडा प्रतियोगिता में सार्थक ने हासिल की सफलता, नेशनल में चयन



**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के होनहार खिलाड़ी सार्थक कान्त थॉमस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सार्थक ने बैडमिन्टन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए नेशनल प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है।

बता दें कि सरगुजा में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, क्रिकेट सहित अन्य विधाओं में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रदेशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चली खेल प्रतियोगिता में बैडमिन्टन खिलाड़ी सार्थक कान्त थॉमस ने बेहतर प्रदर्शन किया। सार्थक ने नेशनल ट्रायल में जीरो से आगे बढ़कर एक दिन में 11 मैच खेले और सभी में जीत दर्ज कर जिले के साथ ही प्रदेश का मान बढाया है। सार्थक कान्त थॉमस अब जनवरी माह में दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में शामिल होंगे।



## विकासखंड स्तरीय कर्मा महोत्सव में ओकरा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान महुआपारा में विकासखंड स्तरीय करमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। महोत्सव में जनपद स्तर की 22 टीमों ने पारंपरिक करमा नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल द्वारा ओकरा टीम को प्रथम एवं डकवा टीम को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। दोनों टीमों ने कर्मा नृत्य किया।

- विधायक ने किया विजेता और उप विजेता टीमों को सम्मानित

सामरी विधायक ने अपनी ओर से 22 टीमों को नगद राशि एवं आयोजन समिति जनपद सीईओ के द्वारा पहला टीम ओकरा को 3100 रुपए और टीम डकवा को 2100 रुपए के अलावा प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपए नगद प्रदान किया। विजेता और उपविजेता टीम को पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम ओकरा और उपविजेता टीम डकवा दोनों टीम जिला स्तर पर प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि कर्मा उत्सव हमारी परंपरा की आत्मा है, जो समाज में एकता, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। जब लोग अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहते हैं, तभी वास्तविक ग्राम विकास संभव है। कर्मा पर्व केवल नृत्य-गीत का आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी अस्मिता, हमारी परंपरा और हमारे समाज की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोक संस्कृति के संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, शिवनाथ यादव, प्रवीण अग्रवाल, शुभम सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर





स्पेशलिटी सेंटर में 2 नवम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 2 नवंबर को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग



विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बीबी कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर









## तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में झलकेगी सांस्कृतिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में 2 से 04 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप स्थित स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कला और परंपरा की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी।

- लोक गायक संजय सुरीला, स्तुति जायसवाल व सुनील मानिकपुरी देंगे प्रस्तुति



राज्योत्सव के इस आयोजन में लोक कलाकार एवं लोकप्रिय गायक अपनी प्रस्तुतियों से संगीतमय बना देंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 2 नवंबर को लव मी इंडिया फेम गायिका स्तुति जायसवाल, 3 नवंबर को हाय रे सरगुजा नाचे फेम गायक संजय सुरीला, और 4 नवंबर को हमर पारा तुहर पारा फेम गायक सुनील मानिकपुरी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में लोक कलाकारों के साथ-साथ जिले के शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विद्यार्थी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। जिले के 57 शैक्षणिक संस्थानों जिनमें एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नर्सिंग कॉलेज सहित शासकीय व अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं, वे पारंपरिक नृत्य एवं लोकनृत्य प्रस्तुतियों से राज्योत्सव अपनी छंटा बिखेरेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होगीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल सहित रामसेवक पैकरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम,सांसद चिन्तामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मराबी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, विधायक जिपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा सहित अन्य शामिल होंगे।









